
अमर उजाला

**Sri Ganganagar News: ब्रांडेड कंपनियों का नकली घी बेचने की आशंका में 212 किलो घी बरामद, दुकान सील की**



शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सोमवार रात को जिला मुख्यालय पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर में ब्रांडेड कंपनियों का नकली देशी बेचने की आशंका पर 212 किलो घी पकड़ा। इस दौरान एक आरोपी मौके से पकड़ा गया और दूसरा फरार हो गया।

कार्रवाई के दौरान सदर थाना पुलिस और सरस कंपनी के प्रतिनिधि भी मौके पर मौजूद रहे। जानकारी मिली है कि पिछले कई महीनों से यह घी बेचा जा रहा था। टीम ने देर रात कार्रवाई करते हुए दुकान को सीज कर दिया।

Source: https://www.amarujala.com/rajasthan/sri-ganganagar/suspecting-of-selling-fake-ghee-of-branded-companies-shop-seized-sri-ganganagar-news-c-1-1-noi1340-2861044-2025-04-22